प्रसार भारती

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 शुक्रवार** **दिनांक 28.06.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

- आज मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में रायपुर में यूनिफाईड कमांड की बैठक आयोजित की गई।

- एंटी करप्शन ब्यूरो ने अलग–अलग स्थानों से रिश्वत लेते हुए दो पटवारियों को किया गिरफ्तार।

- रायपुर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में आज से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कृषि विज्ञान केन्द्रों की तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई।

- मौसम विभाग ने कल मध्य छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।

**यूनिफाईड कमाण्ड–बैठक**

आज रायपुर में केन्द्रीय गृह मंत्रालय और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माओवादी गतिविधियों में निरन्तर कमी आ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में केन्द्रीय सुरक्षा बलों और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बेहतर तालमेल के साथ माओवादियों के विरूद्ध सफलतापूर्वक चलाये जा रहे संयुक्त अभियान के कारण यह संभव हो पा रहा है। माओवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के साथ ही शासन की योजना **''नियद नेल्लानार''** के तहत विकास कार्यों में भी तेजी लाई जा रही है।

बैठक में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात केन्द्रीय और राज्य के सुरक्षा बलों के जवानों की समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती राज्यों – महाराष्ट्र, तेलंगाना, आन्ध्रप्रदेश और उड़ीसा के साथ बेहतर समन्वय, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त कार्यवाही और सम्पर्क मार्गों पर सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सीमावर्ती राज्यों के साथ सूचनाओं को साझा किये जाने पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, पुल–पुलियों और अन्य शासकीय निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्रालय तथा राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार तीस जून को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात का यह पहला कार्यक्रम होगा। इसे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा।

**एसीबी–पटवारी गिरफ्तार**

खैरागढ़ जिले के प्रकाशपुर के पटवारी विवेक परघनिया को एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एक किसान की शिकायत पर की गई। आरोपी पटवारी को खैरागढ़ के व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया।

वहीं, जांजगीर–चाम्पा जिले के पामगढ़ क्षेत्र के पनगांव में पटवारी विजय लहरे को तीन हजार पांच सौ रुपये रिश्वत लेते हुए बिलासपुर एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि एक किसान से पटवारी ने नक्शा बनवाने के नाम पर रिश्वत मांगी थी।

**निलंबन**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में बलरामपुर ब्लॉक के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप को हटा दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

वहीं, कोरिया जिला चिकित्सालय में पदस्थ अस्थिरोग विशेषज्ञ और प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर राजेन्द्र बंसारिया को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि डॉक्टर बंसारिया ने एक मरीज का ऑपरेशन करने के एवज में राशि की मांग की थी।

**कृषि विज्ञान केन्द्र–कार्यशाला**

रायपुर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में आज से छत्तीसगढ़–मध्यप्रदेश के कृषि विज्ञान केन्द्रों की इकतीसवीं क्षेत्रीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। तीन दिवसीय इस कार्यशाला का शुभारंभ कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों को नई तकनीक और दलहन–तिलहन के अलावा मिलेट्स फसलों की खोज कर उनके उत्पादन में वृद्धि करने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

कार्यशाला को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक डॉ. रंजय के. सिंह, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जबलपुर के निदेशक डॉ. एस.आर.के. सिंह और इंदिरा गांधी कृषि

विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉक्टर गिरिश चंदेल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक, शोधकर्ता, प्राध्यापक और छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

गौरतलब है कि इस कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर और कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा ळें

**चारधाम यात्रा–ऐप**

छत्तीसगढ़ सरकार ने उत्तराखंड में चार धाम की यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को उत्तराखंड सरकार द्वारा बनाये गये ई–स्वास्थ्य धाम ऐप को अपने मोबाइल में अपलोड करने का आग्रह किया है। चारधाम जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा यह ऐप तैयार किया गया है। यात्रियों के स्वास्थ्य में किसी तरह की दिक्कत न आये, इसके लिए इस ऐप का निर्माण किया गया है। इसके माध्यम से यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकेगी। किसी तरह की मेडिकल जरूरत पड़ने पर भी इस ऐप से उन्हें सहायता मिल सकेगी। इसके माध्यम से समय–समय हर उत्तराखंड सरकार द्वारा हेल्थ चेकअप संबंधी जारी किये गये निर्देशों की भी जानकारी मिल सकेगी।

**नये आपराधिक कानून**

देशभर में एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू होंगे। इसके बाद इंडियन पीनल कोड–आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता और सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होंगे।

इसी कड़ी में रायपुर जिला और सत्र न्यायालय में आज नए कानूनों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अभिनव के. शुक्ला और

प्रोफेसर हिना इलियास तथा गृह विभाग के सहायक अभियोजन अधिकारी शुभम तोमर ने नए कानूनों की जानकारी दी।

वहीं, बस्तर जिले के तोकापाल जनपद पंचायत के ग्राम करंजी में भी आज केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगदलपुर के जिला अभियोजन कार्यालय के उपनिदेशक आरके मिश्रा, जिला अभियोजन अधिकारी शिप्रा झा और परपा के थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने नए प्रावधानों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी।

## बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम "बातों–बातों में" इस बार **एक जुलाई से प्रभावी होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों पर सहायक अभियोजन अधिकारी शुभम तोमर से** ली गई भेंटवार्ता की दूसरी कड़ी प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल उनतीस जून को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## उत्कर्ष–भविष्य का निर्माण' कार्यक्रम

रायगढ़ के नगर निगम ऑडिटोरियम में 'उत्कर्ष–भविष्य का निर्माण' कार्यक्रम और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल का विकास होगा, तो उन्हें कामयाबी जरूर मिलेगी। इसलिए अपनी काबिलियत बढ़ाने के लिए पढ़ें।

इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने भी बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों से अपने समय का सदुपयोग करने और देश के भविष्य में अपना योगदान देने पर बल दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

**फास्ट चार्जिंग स्टेशन**

राजधानी रायपुर में पांच स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए फास्ट चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। इस संबंध में आज नगर निगम रायपुर और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के तहत राजधानी रायपुर के पांच प्रमुख स्थानों– सुभाष स्टेडियम परिसर, पुराना स्मार्ट सिटी ऑफिस परिसर, गांधी उद्यान, अनुपम गार्डन और जवाहर बाज़ार पार्किंग पर आईओसीएल द्वारा फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे जिससे वाहनों को चार्ज किया जा सकेगा। साथ ही नागरिकों को फोर व्हीलर ई व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की सुविधा भी जल्द मिलेगी।

**आरएचओ–अपहरण**

सक्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। अपहरणकर्ताओं ने युवती के भाई से पन्द्रह लाख रुपए की फिरौती की मांग की है। सक्ती थाना प्रभारी बृजेश तिवारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली गांव में पदस्थ आरएचओ अनुपमा जलतारे अपने भाई के साथ कल चौपाटी गई थी। इसी दौरान युवती वहां से गायब हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल...**

मौसम विभाग ने कल मध्य छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। वहीं, अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है। इसके अलावा एक दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की आशंका है।

इस बीच, दंतेवाड़ा जिले के रोंजे गांव में आकाशीय बिजली गिरने से सात मवेशियों की मौत हो गई है।

**संक्षिप्त समाचार**

- छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज बेमेतरा के न्यायिक कर्मचारी आवासीय कॉलोनी का वचुर्अल माध्यम से लोकार्पण किया।

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली आज छत्तीसगढ़ के दौरे पर रायपुर पहुंचे है। श्री मोइली ने रायपुर में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की बैठक लेकर कांग्रेस पार्टी की छत्तीसगढ़ में लोक सभा चुनाव में हुई हार की समीक्षा की।

- सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में ठगी के आरोपी शिवा साहू के बैंक लॉकर से पुलिस ने करीब एक किलो सोना–चांदी और एक करोड़ 52 लाख रुपये नकद बरामद किया हैं।

- रायगढ़ पुलिस ने भटली चौक के पास सब्जी वाहन से गांज तस्करी करते हुए एक आरोपी`को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से ढाई क्विंटल गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत पच्चीस लाख रूपए बताई जा रही है।

- पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के बी.ए.एस.एल.पी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए फार्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर दस जुलाई कर दी गई है।

- राजनांदगांव के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था–आईटीआई में उनतीस उनतीस जून को सुबह नौ बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।